दिनांक 3 अप्रैल 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन सत प्रतिशत करने 20 नए वाहनों को हरी झंडी देकर महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने किया रवाना, स्वच्छ सर्वेक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी यह वाहने, जीपीएस से है लैस और भी है खासियत

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सफाई कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 को देखते हुए। एजेंसी अर्बन इनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड के द्वारा भिलाई निगम क्षेत्र के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए 20 नए वाहनों की खरीदारी की गई है। इन सभी वाहनों को आज निगम मुख्य कार्यालय से महापौर नीरज पाल, निगमायुक्त रोहित व्यास, सभापति गिरवर बंटी साहू, स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू तथा एमआईसी मेंबर लालचंद वर्मा आदि ने हरी झंडी दिखाकर कचरा कलेक्शन किए सभी जोन छेत्रो की ओर रवाना किया। स्वच्छता की वाहन आवासीय तथा व्यवसायिक क्षेत्रों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम करेगी। घरों तथा बाजार क्षेत्रों से सूखा कचरा तथा गीला कचरा शत प्रतिशत एकत्र करने के लिए इस वाहन को भिलाई निगम क्षेत्र के लिए लाया गया है। इसके चलते सफाई व्यवस्था में और भी सुधार आने की संभावना बढ़ गई है। नई एजेंसी ने आते ही मास क्लीनिंग पर विशेष जोर दिया है, बहुत पुराने डंप कचरे को भी हटाया जा रहा है, नालियों की सघन सफाई की रही है तथा जीवीपी पॉइंट समाप्त किया जा रहा है। लोगों में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता भी लाई जा रही है। महापौर नीरज पाल ने कहा कि लोगों के इसी प्रकार के सहयोग से भिलाई स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन आएगा इसके लिए उन्होंने आमजन से अपील भी की है, ताकि भिलाई को सफाई के पहले पायदान पर लाया जा सके। स्वच्छता की इन वाहनों की खासियत यह है कि यह वाहन जीपीएस सिस्टम से लैस है, सभी वाहनों में स्वच्छता संदेश प्रसारित करने के लिए स्पीकर की व्यवस्था है, हेल्पलाइन नंबर तथा व्हाट्सएप नंबर भी कचरा कलेक्शन से संबंधित समस्याओं के लिए दिए गए हैं, घातक कचरे तथा सेनेटरी पैड आदि के लिए अलग से बॉक्स दिया हुआ है तथा इसे खोलने और बंद करने के लिए भी पृथक से सुविधा इस वाहन में मौजूद है। यह सभी वाहन निगम के चारो जोन में आज से कचरा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम प्रारंभ कर देगी। एजेंसी ने इन वाहनों को खुद के खर्चे पर खरीदा है। वाहनों को रवाना करने के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, महापौर के निज सचिव वसीम खान, अर्बन इनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर कमलेश शर्मा, कुशल विज, नरेश चौधरी व सचिन तरारे आदि मौजूद रहे।